प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

अध्यक्ष / सचिव,
संत गोपीचंद एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी,
अहेड़ा, बागपत– 250 609
संस्था का नाम–जीवन गोपी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी,
एण्ड टेक्नोलॉजी, अहेड़ा, बागपत।

पत्रांकः–प्राशिप / परिषद / 2023 / 13721 लखनऊःदिनांक– 21/03/2023

विषयः– सत्र 2023–24 हेतु संस्थान को अनापत्ति पत्र निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संस्थान के पत्र संख्या SGEWS/2023/569 दिनांक 11–03–2023 को संदर्भित करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा संत गोपीचंद एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी, अहेड़ा, बागपत–250 609 द्वारा बी0फार्म पाठ्यक्रम संचालित संस्थान जीवन गोपी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एण्ड टेक्नोलॉजी, अहेड़ा–बागपत को डी0फार्म0 पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त के दृष्टिगत शासन के पत्र संख्या 1 / 289952 / 2023 16–3099 / 44 / 2023–3 दिनांक 20–03–2023 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में उपरोक्त प्रकरण दिनांक 21–03–2023 को अनापत्ति निर्गत किये जाने हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। प्रकरण पर समिति द्वारा गहन विचार–विमर्श किया गया एवं सर्वसम्मति से संस्थान जीवन गोपी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एण्ड टेक्नोलॉजी, अहेड़ा–बागपत को डी0फार्म पाठ्यक्रम संचालन किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी।

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि सत्र 2023–24 की सम्बद्धता प्रक्रिया के पूर्व संस्थान को पी0सी0आई0 द्वारा डी0फार्म पाठ्यक्रम संचालन हेतु निर्गत अनुमोदन पत्र परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा, तदोपरांत ही संस्थान को डी0फार्म पाठ्यक्रम संचालन हेतु परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने पर विचार किया जायेगा।

समिति द्वारा लिये गये उपरोक्त निर्णय एवं निहित शर्तों के अधीन संत गोपीचंद एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी, अहेड़ा, बागपत–250 609 द्वारा संचालित संस्थान जीवन गोपी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एण्ड टेक्नोलॉजी, अहेड़ा–बागपत को डी0 फार्म0 पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति निर्गत की जाती है।

उपरोक्तानुसार निर्गत सहमति पत्र प्रतीकात्मक है, और उपरोक्तानुसार वर्णित शर्तों को पूर्ण किये जाने पर मान्य होगा।

भवदीय,
Khan
(एफ0 आर0 खान)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / परिषद / 2023 / 13722-725 तद्दिनांक– 21/03/2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. रजिस्ट्रार–कम–सेक्रेटरी, फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, एन0बी0सी0सी0 सेण्टर, तृतीय तल, प्लाट नं0–2, कम्युनिटी सेण्टर, मां आनन्दामाई मार्ग, ओखला फेज–1, नई दिल्ली–110020
4. अध्यक्ष / सचिव / प्रबंधक, संत गोपीचंद एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी, अहेड़ा, बागपत– 250 609

21/03/23
Principal
Jeevan Gopi Institute of
Pharmacy & Technology
Ahera, Baghpat (U.P.)
Delhi N.C.R.

Khan
(एफ0 आर0 खान)